# हैती

[स्रोत: द हिंदू](#)

हैती में **आपराधिक गुटों की हिंसा** में वृद्धि होने की आशंका है, जिसके कारण 2024 में कम-से-कम **5,600 से अधिक लोगों की मृत्यु** की संभावना है।

- **संयुक्त राष्ट्र (UN)** ने इस संकट को बढ़ाने वाले **मानवाधिकारों के उल्लंघन** और **भ्रष्टाचार** पर प्रकाश डाला है।
- **यह राजनीतिक अस्थिरता**, **भ्रष्टाचार**, कमज़ोर शासन, **आर्थिक कठिनाई**, **दंडमुक्ति की भावना** और **अवैध हथियारों के प्रवाह** से प्रेरित है, जो **व्यापक विस्थापन** से और भी जटिल हो गया है ।

**हैती:**

- **स्थान:** कैरेबियन सागर और **उत्तरी अटलांटिक महासागर** के बीच अवस्थित है।
    - **यह हिस्पानियोला द्वीप** के पश्चिमी तिहाई भाग पर स्थित है , जिसकी सीमा पूर्व में **डोमिनिकन गणराज्य ,** पश्चिम में **जमैका** तथा उत्तर-पश्चिम में **क्यूबा** से लगती है।
- **आधिकारिक भाषाएँ**: **फ्रेंच** और **हैतियन क्रियोल**
- **ऐतिहासिक महत्त्व:** 200 से अधिक वर्षों के स्पेनिश शासन और 100 से अधिक वर्षों के फ्रांसीसी शासन के बाद, विश्व का **पहला स्वतंत्र अश्वेत नेतृत्व वाला गणराज्य।**




## भारत-हैती संबंध:

- भारत और हैती के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध हैं तथा वर्ष **1996 में दोनों देशों** के बीच राजनयिक संबंध स्थापित हुए थे।
- **वर्ष 1995 में भारत ने संयुक्त राष्ट्र** शांति मिशन पर 140 सदस्यीय **CRPF** की टुकड़ी हैती भेजी थी।
- **भारत-ITEC** कार्यक्रम के अंतर्गत हैती को सहायता प्रदान कर रहा है।

**और पढ़ें: हैती के राष्ट्रपति की हत्या**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/haiti-3